मैं हूँ कृष्ण का दीवाना

(वृन्दावन सोवन नहीं नंद गाम सो गाम,
बंसी वट सो वट नहीं श्री कृष्ण नाम सो नाम,
मैं हूँ कृष्ण का दीवाना मैं कृष्ण बोलता हूँ।)

मैं हूँ कृष्ण का दीवाना मैं कृष्ण बोलता हूँ,
मैं हूँ कृष्ण का दीवाना मैं कृष्ण बोलता हूँ,
मैं कृष्ण बोलता हु मैं कृष्ण बोलता हूँ....

श्री कृष्ण ही तो वेद और गीता का सार है,
श्री कृष्ण ही तो राधा और मीरा का प्यार है,
दिल में बसा के कृष्ण की तस्वीर ढूंढ़ता हूँ,
मैं हूँ कृष्ण का दीवाना मैं कृष्ण बोलता हूँ....

श्री कृष्ण नाम मेरी श्वासो में रम रहा है,
श्री कृष्ण नाम लेकर कोई ना गम रहा है,
जो सो रहे मुसाफिर उनकी आंखे खोलता हूँ,
मैं हूँ कृष्ण का दीवाना मैं कृष्ण बोलता हूँ....

श्री कृष्ण ही तो मेरे इस मन का मीत है,
संगीत कृष्ण मेरा और कृष्ण गीत है,
में गीत मधुर गाकर रस कृष्ण घोलता हूँ,
मैं हूँ कृष्ण का दीवाना मैं कृष्ण बोलता हूँ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26713/title/main-hu-krishan-ka-diwana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |